तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 3 जुलाई 2026

17 तालाब सौंदर्यीकरण की योजना से रत्नाबांधा-...


18 गांवों की समृद्धि से साकार होगा विकसित भारत का सपना : सार्वा




2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.c. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## जिले में खुलेगा दूसरा नया एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने तथा जनजातीय विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के अनुरूप अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में धमतरी जिले को एक महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है। छग शासन के आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जिले में एक नए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस नवीन संस्थान के प्रारंभ होने से जिले के दूरस्थ, वनांचल एवं दुर्गम क्षेत्रों के प्रतिभावान जनजातीय छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट, आधुनिक एवं पूर्णतः निःशुल्क आवासीय शिक्षा का लाभ मिल सकेगा।

उल्लेखनीय है कि जिले के नगरी विकासखंड अंतर्गत पथररीडीह में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों, अनुशासित शिक्षण व्यवस्था, अत्याधुनिक अधोसंरचना तथा खेल एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उल्लेखनीय प्रदर्शन के कारण प्रदेश के सर्वश्रेष्ठ मॉडल विद्यालयों में अपनी पहचान बना चुका है। इसी उत्कृष्ट प्रदर्शन तथा क्षेत्रीय आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए शासन द्वारा जिले में दूसरे एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की स्थापना का निर्णय लिया गया है।

नवीन विद्यालय के प्रारंभ ▶▶ शेष पेज 17 पर

### प्रतिभावान विद्यार्थियों को मिलेगा निःशुल्क आवासीय शिक्षण वातावरण

**बच्चों के सपनों को मिलेगी उड़ान**

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि जनजातीय अंचल के बच्चों के सपनों को नई उड़ान देने का सशक्त माध्यम है। शासन की यह पहल दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभावान विद्यार्थियों को महानगरों के समान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक संसाधन एवं प्रतिस्पर्धी वातावरण उपलब्ध कराएगी।




**भूमि का शीघ्र चिन्हांकन करने के निर्देश**

कलेक्टर श्री मिश्रा ने संबंधित अधिकारियों को विद्यालय भवन निर्माण हेतु उपयुक्त भूमि का शीघ्र चिन्हांकन एवं अन्य आवश्यक प्रक्रियाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। जिले को मिली इस महत्वपूर्ण शैक्षणिक सौगात पर जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, शिक्षाविदों एवं आदिवासी समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### खबर संक्षेप

**युवाओं के लिए सेमिनार का आयोजन आज**

**धमतरी।** जिला प्रशासन द्वारा युवाओं के कौशल विकास एवं उनके उज्वल भविष्य निर्माण के उद्देश्य से युवा (यूथ स्किल अपग्रेडशन एवं वेल्यू एडीशन) पहल अंतर्गत पहल (प्लेटफार्म फॉर एक्सेसबल हायर एम्बीशन एंड लर्निंग) कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है। इस योजना के माध्यम से जिले के युवाओं को निःशुल्क शिक्षा एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए एक विशेष करियर मार्गदर्शन एवं मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन 3 जुलाई को दोपहर 12 बजे से पीजी कॉलेज धमतरी में किया जाएगा। इस सेमिनार में विशेषज्ञों द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की रणनीति, तैयारी की दिशा एवं सफलता के सूत्र साझा किए जाएंगे।

**तहसील साहू संघ की कार्यकारिणी बैठक कल**

**मगरलोड।** तहसील साहू संघ मगरलोड की कार्यकारिणी बैठक 4 जुलाई को सुबह 11 बजे मधुबन धाम में आयोजित की गई है। प्राप्त आवेदनों पर विचार विमर्श एवं सुझाव, अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर चर्चा की जायेगी। यह जानकारी तहसील साहू संघ सचिव छबि साहू ने दी है।

**गायत्री परिवार की बैठक 5 जुलाई को**

**धमतरी।** माताजी के जन्म शताब्दी समारोह अभियान की प्रगति की समीक्षा और नये कार्यक्रम के निर्धारण के लिए गायत्री परिवार धमतरी ब्लाक की महत्वपूर्ण बैठक 5 जुलाई को एक बजे रिसाईपारा स्थित गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में रखी गई है। जिला समन्वयक दिलीप नाग एवं ब्लाक समन्वयकगण उगेश बंसोर, शेखन साहू ने परिजनों से उपस्थित होने का निवेदन किया है।

**असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन प्रशिक्षण हेतु आवेदन 8 तक**

**धमतरी।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 18 से 45 वर्ष तक आयु के दसवीं पास अभ्यर्थी 8 जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। सहायक परियोजना अधिकारी ने बताया कि आवेदन के साथ शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशनकार्ड की फोटो कॉपी और पासपोर्ट साइज फोटो सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में जमा किया जा सकता है।

### मानसून अपना इतिहास दोहरा रहा, इतनी कम बारिश 2009 के जून-जुलाई में हुई थी

## मानसून के प्रवेश के बाद भी बारिश गायब, सूखे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सत्रह साल बाद एक बार फिर मानसून इतिहास दोहरा रहा है। वर्ष 2009 में बारिश की स्थिति कुछ ऐसी ही थी। आसमान पर बादल तो छाए हुए हैं, लेकिन मानसूनी बारिश नदारद है। खेती लगातार पिछड़ रही है। किसान भी परेशान हैं।

अलनीनो का असर पूरे क्षेत्र में दिखाई देने लगा है। इस साल मानसून ने जिले में विलंब से प्रवेश किया। मानसून लगातार आगे बढ़ रहा है, लेकिन मानसून का आगे बढ़ना सिर्फ फाइल में दिखाई दे रहा है। हकीकत में बारिश नहीं के बराबर हो रही है। सत्रह साल बाद मानसून अपना इतिहास दोहरा रहा है। साल 2009 में इतनी कम बारिश जून-जुलाई के महीने में हुई थी। जिले में अब तक जहां 208.3 मिमी के करीब बारिश होनी थी, वहीं महज 78.1 मिमी बारिश हुई है। अब तक 37.5 प्रतिशत बारिश ही हुई है। यही स्थिति सत्रह साल पहले वर्ष 2009 में देखने को मिली थी। उस समय 2 जुलाई तक 37.7 प्रतिशत बारिश हुई थी। 12 साल पहले वर्ष 2014 में 2 जुलाई तक सबसे कम 28.8 प्रतिशत बारिश हुई थी, लेकिन उस साल इसके बाद अच्छी बारिश हुई थी।



**लगातार पिछड़ रही खेती**

बारिश की कमी से खेती लगातार पीछे होती जा रही है। किसान खेतों को तैयार कर बीज का छिड़काव कर चुके हैं, लेकिन बारिश नहीं होने से बीज अंकुरित नहीं हो रहे हैं। ऐसे में बीज के खराब होने का खतरा बना हुआ है। सिंचाई सम्पन्न किसान बोनी के बाद मोटर पंप से पानी पला रहे हैं। खेत इतने सूखे हैं कि चार से पांच दिन में एक एकड़ खेत नहीं पल पा रहा है। वहीं कई किसान बीज छिड़काव के लिए अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे हैं।

**ऐसा है बारिश का हाल**

जिले में बारिश की स्थिति देखें तो सभी तहसील में काफी कम बारिश हुई है। तहसील स्तर पर तुलना करें तो 1 जून से लेकर अब तक सबसे कम भखारा तहसील में 43.1 मिमी बारिश हुई है। कुरूद में 51 मिमी, धमतरी में 55.4 मिमी, बेलरगांव में 74.4 मिमी, मगरलोड में 95.5 मिमी, नगरी तहसील में 136.6 मिमी बारिश हुई है।

**सत्रह साल में बारिश का हाल (2 जुलाई की स्थिति में)**

| वर्ष | बारिश (मिमी में) | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 2009 | 99.1 | 37.7 |
| 2010 | 103.8 | 39.8 |
| 2011 | 192.8 | 76.9 |
| 2012 | 182 | 83 |
| 2013 | 352.6 | 165.7 |
| 2014 | 66.5 | 28.8 |
| 2015 | 248.3 | 126.1 |
| 2016 | 231.4 | 110.7 |
| 2017 | 183.4 | 81.8 |
| 2018 | 206.7 | 107.7 |
| 2019 | 314.4 | 169.2 |
| 2020 | 305.7 | 147.5 |
| 2021 | 274.7 | 122.3 |
| 2022 | 132.6 | 57 |
| 2023 | 213.8 | 93.3 |
| 2024 | 151.9 | 71.6 |
| 2025 | 132.4 | 62.4 |
| 2026 | 78.1 | 37.5 |

## जिला अस्पताल की ओपीडी में गिनती के डॉक्टर, मरीज हलाकान

- डॉक्टरों की कमी के चलते अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं वेंटिलेटर पर
- मेडिसिन स्पेशलिस्ट ने भी अस्पताल को बाय-बाय कहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

डॉक्टरों की कमी की समस्या से जूझ रहे जिला अस्पताल में एक से दो डॉक्टर ही ओपीडी संभाल रहे हैं। वहीं मेडिसिन स्पेशलिस्ट चिकित्सक ने भी अस्पताल को बाय-बाय कह दिया है।

जिला चिकित्सालय इन दिनों अपने सबसे कठिन दौर से गुजर रहा है। लगभग 32 डॉक्टरों की पदस्थापना वाले जिला अस्पताल में गिनती के डॉक्टर रह गये हैं जिसके कारण अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं वेंटिलेटर पर आ गई हैं। लगभग 250 बिस्तर की क्षमता वाले जिला अस्पताल में धमतरी जिला सहित आसपास के पड़ोसी जिलों के मरीज भी उपचार के लिये पहुंचते हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार हो रहे विस्तार के बावजूद अस्पताल में हमेशा डॉक्टरों की कमी की समस्या रहती है। इन दिनों जिला अस्पताल में गिनती के डॉक्टर रह गये हैं। अस्पताल में पदस्थ कुछ डॉक्टर पीजी का कोर्स करने चले गये। कुछ सीनियर डॉक्टर सेवानिवृत्त व ऐच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर अस्पताल से हट गये। बीते दिनों एक डॉक्टर ने अपनी लापरवाही के कारण रिजाइन कर दिया। वर्तमान में अस्पताल में गिनती के डॉक्टर रह गये हैं जिसमें से एक डॉक्टर इमरजेन्सी ड्यूटी व एक डॉक्टर की पोस्टमार्टम ड्यूटी प्रतिदिन लगती है। एक से दो डॉक्टर के अवकाश में रहने के बाद ओपीडी मरीजों को देखने के लिये मुश्किल से एक या दो डॉक्टर ही रह पाते हैं। बीते दिनों लगातार शासकीय अवकाश के बाद मंगलवार को लगभग 900 मरीज अस्पताल पहुंचे थे। इस दिन ओपीडी में 11 बजे तक एक भी डॉक्टर नहीं था। मेडिकल स्पेशलिस्ट डॉ. विकास साहू भी अपनी ड्यूटी विसंगति के चलते अस्पताल छोड़कर चले गए। आनन-फानन में प्रबंधन द्वारा एनेस्थिसिया विशेषज्ञ सहित अन्य डॉक्टरों को ओपीडी में बिठाया गया। बुधवार को भी मरीज डॉक्टरों का रास्ता देखते थक गये। गुरूवार को इमरजेन्सी डॉक्टर को छोड़कर एकमात्र डॉक्टर ओपीडी में सेवा दे रहे थे। बहुत से मरीजों को बगैर उपचार के वापस लौटना पड़ा।



**अस्पताल की व्यवस्था सुधारना आवश्यक**

संकेट के दौर से गुजर रहे जिला अस्पताल की व्यवस्था सुधारना आवश्यक हो गया है जिसके लिये प्रबंधन को आसपास के सीएचसी व पीएचसी के डॉक्टरों की ओपीडी में सेवाएं लेनी चाहिए। वहीं जिला अस्पताल में पदस्थ 4 पैथालाजिस्ट डॉक्टरों को भी ओपीडी में तैनात किया जाना चाहिए। अस्पताल की व्यवस्था सुधारने जनप्रतिनिधि व कलेक्टर को विशेष प्रयास करना चाहिए।

## श्यामतराई मंडी में श्रमिकों के लिए श्रम शिविर लगाने की मांग

- सीटू ने जिला श्रम पदाधिकारी को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कृषि उपज मंडी श्यामतराई में कार्यरत संगठित एवं असंगठित श्रमिकों को शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग को लेकर सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) ने श्रम विभाग से श्रम शिविर आयोजित करने का आग्रह किया है। इस संबंध में सीटू के प्रतिनिधिमंडल ने जिला श्रम पदाधिकारी एनके साहू से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा।

सीटू ने बताया कि श्यामतराई कृषि उपज मंडी में सैकड़ों हमाल, महिला रेजा, तौलैया, लोडिंग-अनलोडिंग श्रमिक तथा सब्जी मंडी के मजदूर प्रतिदिन मेहनत कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। इसके बावजूद बड़ी संख्या में श्रमिक राज्य शासन की सामाजिक सुरक्षा एवं श्रमिक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। संगठन ने इन श्रमिकों के पंजीयन, श्रम कार्ड, सामाजिक सुरक्षा तथा अन्य योजनाओं से जोड़ने के लिए मंडी परिसर में विशेष श्रम शिविर आयोजित करने की मांग की।



प्रतिनिधिमंडल में सीटू राज्य समिति के राज्य सचिव समीर कुरैशी, जिला अध्यक्ष मणिराम देवांगन, पुरुषोत्तम साहू, मंडी श्रमिक एकता यूनियन के महासचिव राजूराम साहू, उपाध्यक्ष अशोक ध्रुव, दिनेश जांगड़े सहित अन्य पदाधिकारी एवं श्रमिक प्रतिनिधि उपस्थित थे।

**जहर सेवन से युवक की मौत**

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक युवक ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार कुरुद थाना क्षेत्र के ग्राम सिंधौरीखुर्द निवासी पुनेंद्र यादव पिता धनीराम मजदूरी का काम करता था। युवक बुधवार की रात्रि अपने घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर उल्टी कर रहा था। यह देख उसके बेटे भुनेश्वर यादव ने अपने चाचा प्रमोद यादव के घर फोन कर घटना की जानकारी दी। प्रमोद तत्काल अपने भाई के घर पहुंचा। निजी वाहन से तत्काल उसे उपचार के लिए कुरुद अस्पताल लाया गया जहां से रिफर करने पर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टर ने चेकअप के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने गुरुवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराका परिजनों को सौंप दिया है। युवक द्वारा जहर सेवन करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

## पीएम आवास की स्लैब ढलाई के दौरान लेंटर ढहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

कुरूद विकासखंड के ग्राम चर्रा में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माणाधीन मकान की स्लैब ढलाई के दौरान बड़ा हादसा टल गया। ढलाई के समय स्लैब का एक हिस्सा अचानक भरभराकर गिर गया। घटना के वक्त मौके पर कई मजदूर काम कर रहे थे, लेकिन संयोगवश सभी सुरक्षित बच निकले। हालांकि निर्माणाधीन मकान को नुकसान पहुंचा है।

जानकारी के अनुसार ग्राम चर्रा निवासी तीजबाई यादव पति हेमलाल यादव के प्रधानमंत्री आवास का लेंटर डाला जा रहा था। इसी दौरान स्लैब का एक हिस्सा अचानक ढह गया, जिससे गरीब परिवार के आशियाने के निर्माण को झटका लगा। पीड़ित परिवार, मौके पर मौजूद मजदूरों और प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि राजमिस्त्री हरिओम ध्रुव ने सेंटरिंग (सहारा देने वाले लकड़ी के स्तंभ) लगाने में लापरवाही बरती। उनका कहना है कि सहारा पर्याप्त मजबूत नहीं होने के कारण ढलाई का भार नहीं संभल पाया और स्लैब का एक हिस्सा लकड़ी के साथ नीचे गिर गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने राजमिस्त्री संघ कुरूद से शिकायत की है। संघ ने मामले की जांच कर तथ्यों के आधार पर उचित कार्रवाई तथा पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। फिलहाल घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, लेकिन इस हादसे ने निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों के पालन पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

**मजदूर बाल-बाल बचे, राजमिस्त्री पर लापरवाही का आरोप**



**कीटनाशक का सेवन कर अधेड़ ने की आत्महत्या**

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम खरतुली निवासी दानीराम साहू पिता झाड़ूराम उम्र 47 वर्ष कृषि मजदूरी का काम करता था। मंगलवार की रात्रि दानीराम खाना खाकर घर की छत पर टहलने के लिए गया था। काफी समय तक वापस नहीं लौटता देख उसकी बेटी हीरा साहू छत पर गई जहां उसका पिता उल्टी कर रहा था। पूछने पर उसने टेंशन के कारण जहर पीना बताया। संजीवनी 108 एम्बुलेंस की मदद से दानीराम को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान बुधवार की रात्रि अधेड़ की मौत हो गई। चौकी पुलिस ने गुरुवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

### पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति हुई पूरी तरह सामान्य

## अब जरूरत के अनुसार भरवा सकेंगे ईंधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले सहित प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य होने के बाद ईंधन वितरण पर लागू की गई सीमित मात्रा की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। अब वाहन चालक अपनी आवश्यकता के अनुसार किसी भी पेट्रोल पंप से बिना किसी तय सीमा के पेट्रोल या डीजल भरवा सकते हैं। इस निर्णय से आम उपभोक्ताओं, परिवहन व्यवसायियों और किसानों को बड़ी राहत मिली है।

कुछ सप्ताह पहले अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण देश के कई हिस्सों में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस की उपलब्धता पर असर पड़ा था। संभावित कमी को देखते हुए प्रशासन और तेल कंपनियों ने सीमित मात्रा में ईंधन वितरण की व्यवस्था लागू की थी, ताकि सभी उपभोक्ताओं तक आवश्यक ईंधन पहुंच सके। धमतरी जिले में भी कई पेट्रोल पंपों पर लोगों को निर्धारित मात्रा में ही पेट्रोल-डीजल दिया जा रहा था, जिससे वाहन चालकों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। अब तेल कंपनियों द्वारा नियमित आपूर्ति शुरू होने के बाद जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल और डीजल उपलब्ध है।



पंप संचालकों के अनुसार 1 जुलाई से ईंधन वितरण पर लगी सीमा समाप्त कर दी गई है। ग्राहक अब अपनी जरूरत और वाहन की क्षमता के अनुसार जितना चाहें उतना ईंधन भरवा सकते हैं। इससे पंपों पर भीड़ और अनावश्यक इंतजार की स्थिति भी समाप्त हो गई है।

इधर घरेलू और व्यावसायिक एलपीजी गैस सिलेंडरों की आपूर्ति भी पूरी तरह सामान्य हो गई है। गैस एजेंसियों में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने से उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर मिलने लगे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी नियमित रूप से गैस की आपूर्ति की जा रही है। इसके अलावा व्यवसायिक गैस सिलेंडरों पर लागू अस्थायी प्रतिबंध भी हटा लिया गया है, जिससे होटल, ढाबा और रेस्टोरेंट संचालकों को राहत मिली है। व्यापारियों का कहना है कि अब ईंधन और गैस की उपलब्धता सामान्य होने से दैनिक कार्यों के साथ-साथ परिवहन और व्यावसायिक गतिविधियां भी पहले की तरह सुचारु रूप से संचालित हो रही हैं।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

# प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का हुआ आत्मीय स्वागत

## पुस्तकालय एवं कंप्यूटर कक्ष का लोकार्पण, पौधरोपण से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय हाईस्कूल परिसर छुही में कक्षा प्रथम, षष्ठम एवं नवमी के नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत हेतु प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, पुष्प एवं मिठाई देकर आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर पुस्तकालय एवं कंप्यूटर कक्ष का लोकार्पण किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने अतिथियों एवं विद्यार्थियों ने पौधरोपण भी किया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा थे। अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा ने की। विशिष्ट अतिथि जिपं सभापति अजय ध्रुव, जनपद पंचायत सभापति शुभम यदु, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टिकेश्वर साहू, छुही सरपंच महेश्वरी मरकाम, ग्राम प्रमुख शत्रुघ्न साहू, लक्ष्मीकांत साहू, यशवंत यदु एवं श्रीमती रितु साहू थे। अजय ध्रुव ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों को पुस्तकों से ज्ञान अर्जित करने के साथ प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनना चाहिए। अतिथियों ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन करने, शिक्षकों का सम्मान करने, अनुशासन का पालन करने तथा अपने माता-पिता एवं विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पुस्तकालय का नियमित उपयोग कर ज्ञानार्जन करने तथा कंप्यूटर शिक्षा के माध्यम से आधुनिक तकनीक से जुड़ने का भी संदेश दिया।





### शिक्षा बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला : सार्वा

इस अवसर पर श्री सार्वा ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला है। आज के विद्यार्थी कल के जिम्मेदार नागरिक, वैज्ञानिक, शिक्षक, अधिकारी और जनप्रतिनिधि बनेंगे। शासन शिक्षा के क्षेत्र में लगातार बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है।

## खबर संक्षेप



### लड़ेर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया

**मगरलोड।** शासकीय प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला लड़ेर में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। नव प्रवेशी विद्यार्थियों का गुलाल चंदन लगाकर व मिठाई खिलाकर प्रवेश दिया गया। नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को निशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच उमा निषाद, विखलेखा निषाद, तारणि निषाद, हेमलता साहू, खोमिन निषाद, धनेश्वरी निषाद, डोमेश्वरी साहू, एनकुमारी निषाद, झनेश्वरी निषाद, लक्ष्मणसिंह निषाद, प्रधानपाठक राजेश कौशल, कालेश्वर ध्रुव समेत अन्य उपस्थित थे।

### मैनपुर स्कूल में हर्षोल्लास से मना शाला प्रवेशोत्सव

**नगरी।** प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला मैनपुर में शाला प्रवेशोत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच सुरेंद्र नेताम रहे। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर आत्मीय स्वागत किया गया। अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में अभिभावकों और शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, प्रधानपाठक राजकुमार मनहरे, व्याख्याता, शिक्षक नुरूलराम ध्रुव, सफाईकर्मी महेश्वर कुमार साहू, जगदीश ध्रुव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### नवप्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा कर तिलक लगाया

**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या नगरी में नवप्रवेशी बच्चों का मुंह मीठा कर तिलक लगाकर पुस्तक वितरण किया गया। मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति की पूर्व अध्यक्ष प्रतिमा देवांगन थीं। अध्यक्षता संस्था प्रमुख रामटेके ने की। कार्यक्रम में वरिष्ठ व्याख्याता वरुण, किरण, धर्मेंद्र कुमार साहू, आशा इक्का, विनीता साहू, जितेश्वरी नेताम, मायावती सूर्यवंशी, अनुसुइया मरकाम, नंदलाल कश्यप, व्यायाम शिक्षिका होमेश्वरी साहू, सहायक शिक्षिका माधवी नाग, पूनमचंद साहू समेत अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता अजय साहू ने

**न्यायालय नजूल अधिकारी धमतरी के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202607130300009**
विषय :-अ-6 मामले की श्रेणी :-राजस्व
सन्न :-2025-2026
धमतरी प.ह.नं. 00033 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण :-
आवेदक पक्षकार-सरूप चंद बंगानी एवं अन्य 01,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

आवेदक सरूप चंद बंगानी पिता कंवर लाल बंगानी एवं अन्य 01, निवासी-सदर बाजार डॉ. एन.पी.गुप्ता के पास धमतरी, तहसील व जिला-धमतरी (छ.ग) के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि मोहल्ला सदर बाजार धमतरी, तहसील व जिला-धमतरी स्थित नजूल शीट क्रमांक 33 सी, भूखण्ड क्रमांक 88/1, क्षेत्रफल 115.00 वर्गमीटर, जो पट्टा कंवरलाल पिता अमरचंद के नाम पर दर्ज एवं स्थित है। उक्त उक्त वर्णित भूखण्ड के धारक कंवरलाल पिता अमरचंद की मृत्यु दिनांक 28/01/2022 को एवं उनकी पत्नि लक्ष्मी बाई बंगानी की मृत्यु दिनांक 29/12/2016 को चुकी है। मृतक/धारक/शामिल शरीक के वारिसान-सरूप चंद बंगानी (पुत्र), सुदेश कुमार बंगानी (पुत्र) हैं। इसके अतिरिक्त अन्य कोई विधिक वारिसान नहीं है। अतः आवेदकगण द्वारा उक्त भूखण्ड पर से मृतक/धारक का नाम विलोपित कर उनके विधिक वारिसान का नाम अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को दावा आपत्ति पेश करना हो तो नियत सुनवाई दिनांक 16.07.2026 तक अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत सुनवाई तिथि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01/07/2026 को जारी किया जाता है।

Mr. Pawan Kumar Premi
नजूल अधिकारी धमतरी

## अटंग के प्राथमिक शाला भवन से गिर रहा प्लास्टर, छत में सीपेज

# जर्जर भवन में गढ़ा जा रहा बच्चों का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम पंचायत अटंग के शासकीय नवीन प्राथमिक शाला भवन की हालत बद से बदतर हो चुकी है। शिक्षा विभाग जहां एक तरफ बच्चों को अच्छी शिक्षा, मध्यान्ह भोजन, गणवेश, अच्छा भविष्य देने का दावा करता है वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत अटंग के नवीन प्राथमिक शाला में शिक्षा की नींव यानी भवन ही ढीला पड़ चुका है।

पालकों ने बताया कि स्कूल भवन का निर्माण सन 2004 में हुआ है। 22 साल में ही भ्रष्टाचार से ग्रसित भवन की हालत इतनी खराब है कि छत उखड़ गई है। प्लास्टर गिर रहा है और पूरी छत में सीपेज आ गया है। बारिश के मौसम में बच्चे, शिक्षक कभी भी दुर्घटना के शिकार हो सकते हैं। विद्यार्थी अपनी जान हथेली पर लेकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

मौके पर ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू, सचिव हैदनाथ निर्मलकर, उपसरपंच कोमल शुक्ला, रोशन चंद्राकर, रुद्रनाथ साहू, टेकराम साहू सहित पालकगण छोटूराम, मेघनाथ, कलीराम, खुमान, जिधन, डिगेंद्र, मोहन, उमेंद्र, केदार, गौकरण, इन्द्रूराम, राधेश्याम, फूलेश्वरी, रजा, ईश्वरी, लिकेश्वरी, टिकेश्वरी, संगीता, भारती, रूपा साहू



### केवल आश्वासन ही मिल रहा




शाला विकास समिति के अध्यक्ष शिव कुमार साहू, उपाध्यक्ष राजेश साहू, ने बताया कि 7 अक्टूबर 2024, 29 अगस्त 2024 ,10 सितंबर 2025 को समिति सहित पंचायत द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी को इस जर्जर भवन के मरम्मत हेतु राशि की मांग की गई साथ ही नए भवन की मांग को लेकर समिति द्वारा प्रस्ताव करते हुए इसकी सूचना संबंधित अधिकारी को दी गई। लेकिन विकासखंड शिक्षा अधिकारी के जांच पर पहुंचने के बाद भी पालकों की एक भी मांग पूरी नहीं हो पाई। विभागीय अधिकारी को समस्याओं से अवगत कराने के बाद भी केवल आश्वासन ही दिया गया। कुरूद विधायक को भी इस स्कूल की समस्याओं से भी अवगत कराया गया लेकिन आश्वासन ही मिल पाया।

### पालकों में भारी आक्रोश

शिक्षा विभाग की इस लापरवाही से पालकों एवं ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। वैकल्पिक व्यवस्था बनाने ग्राम पंचायत द्वारा यादव समाज के भवन को बच्चों की पढ़ाई के लिए उपयोग में लाया जा रहा है। यादव समाज भवन के खुले बरामदे में कक्षा दूसरी के 15 विद्यार्थी, भवन के एक हॉल में कक्षा पहली के 16 विद्यार्थी और उसी हॉल में कक्षा तीसरी के 20 विद्यार्थी एक साथ बैठते हैं। अभी भी जर्जर भवन में कक्षा 5 वीं के 31 विद्यार्थी अध्ययन करने को मजबूर हैं। स्कूल में प्रधानपाठक सहित 5 शिक्षक सेवारत हैं।

## अंचल की खबरें

### भाठागांव स्कूल में एसएमसी का हुआ गठन



**सिर्री।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव में एसएमसी स्कूल मैनेजमेंट कमेटी का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष विजेंद्र चक्रधारी, उपाध्यक्ष ममता साहू, पालक सदस्य अघनू राम ध्रुव, वासपा कंवर, श्रद्धा जैन, तुकेश कुमार साहू, मोहनलाल साहू, नेकेश्वर कुमार चावरे, चंपा साहू, खिलेश्वरी मानिकपुरी, महेश कुमार साहू, झालेश्वरी यादव तथा सचिव प्राचार्य एलआर निषाद व सरपंच पुष्पलता साहू, शिक्षाविद चुम्मन लाल साहू, वरिष्ठ शिक्षक आशालता साहू चुने गए। शपथ ग्रहण समारोह 1 जुलाई को होगा। पूर्व एसएमडीसी के पदाधिकारियों व सदस्यों का सम्मान मोमेंटो भेंटकर किया गया। पूर्व अध्यक्ष भूषण लाल साहू ने नई एसएमसी के सदस्यों को शपथ दिलाई।

### बिरगुड़ी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया



**नगरी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरगुड़ी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमृतलाल नाग सरपंच बिरगुड़ी थे। अध्यक्षता डाकेंद्र कश्यप अध्यक्ष शाला विकास प्रबंधन समिति बिरगुड़ी ने की। विशिष्ट अतिथि अकबर कश्यप उपसरपंच, राधेश्याम नाग, मोहम्मद यूसुफ मेमन, मनोज कश्यप, विशेश्वर यादव, चुम्मन साहू, चमेली देव, हेमिन बिसेन थे। अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक,मिठाई, खीर पूड़ी खिलाकर स्वागत कर पुस्तक वितरण किया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में नवप्रवेशी बच्चों को अनुशासन में रहकर विद्या अध्ययन करने पर जोर दिया। माता-पिता और गुरु के बताए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया। जितने हम अनुशासित रहेंगे, उतने ही हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। प्राचार्य एसएस कुर्रू ने पालकों से बच्चों को नियमित स्कूल भेजने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन एमके मरकाम, डीके शांडिल्य व आभार व्यक्त अशोक निषाद प्रधान पाठक ने किया ।

### शाला प्रवेशोत्सव में प्रतिभाओं का हुआ सम्मान




**सिर्री।** शास. उच्च. माध्य. शाला गुदगुदा में शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकण्डरी के नवप्रवेशी नौनिहालो का स्वागत कर प्रतिभाओं को पुरस्कृत कर मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू थे। अध्यक्षता पूर्व जिपं अध्यक्ष रघुनंदन साहू ने की। विशिष्ट अतिथि सरपंच सोनम साहू, संजय साहू, एसएमसी अध्यक्ष एवनलाल साहू, भीमराम साहू, पूर्व सोसायटी अध्यक्ष पवन साहू, प्राचार्य आर के टाण्डे, प्राचार्य टीआर सोनकर ने नवप्रवेशी नौनिहालों का स्वागत कर पाठयपुस्तक वितरण किया। बोर्ड परीक्षाओं के साथ ही केन्द्रीयकृत परीक्षा में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों के साथ ही खेलकूद, स्काउट-गाइड, योग में सहभागिता करने वाली प्रतिभाओं को मोमेन्टो, प्रशस्ति पत्र और नकद राशि देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने छात्र-छात्राओं का हौसला बढ़ाया। शिक्षा के क्षेत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा पर प्रकाश डाला। मंच संचालन व्याख्याता तरूण सिन्हा और आभार प्रदर्शन प्राचार्य टीआर सोनकर ने किया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य टीआर सोनकर, संकुल समन्वयक मनोज नेताम, उपप्राचार्य आर के ध्रुव, व्याख्याता शेखर ठाकुर, तरूण सिन्हा, होमराज देवांगन, संस्था प्रमुख दुर्गेश द्विवेदी, प्रधानपाठिका चंद्रप्रभा बघेल, लेक्चरर डेमिन साहू, शीला साहू, जतीश सिन्हा, चंद्रिका यादव, डीडी साहू, गैंदलाल साहू, शोभाराम साहू, अशोक साहू, निर्मल सोनी सहित अन्य उपस्थित थे।

## विकास कार्यों की मांग को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने विधायक अंबिका मरकाम से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत लटियारा के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल ने सिहावा विधायक अंबिका मरकाम से उनके निवास में भेंटकर ग्राम के विभिन्न मूलभूत विकास कार्यों की मांग रखी। विधायक ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक विकास कार्यों की स्वीकृति दिलाने एवं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और ग्रामीणों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

इस अवसर पर सरपंच रूपेश ध्रुव, जनपद सदस्य सेमरा हनीफ अली, देवपुर सरपंच आत्माराम नेताम, नकछेड़ाराम निषाद, भोलचंद सेन, चुम्मनलाल पड़ोटी, परमेश्वर ध्रुव एवं ठाकुर जी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## सिवनीकला में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण (आईसीटी) संस्थान के तहत 28 मई से 26 जून तक ग्राम पंचायत सिवनीकला में एक माह तक राजमिस्त्री का प्रशिक्षण किया गया। सरपंच निवास में जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम प्रमुखों द्वारा सभी प्रशिक्षणार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई।

सभी प्रशिक्षणार्थियों को सरपंच लता ध्रुव, जनपद सदस्य टेकराम साहू, ग्राम पटेला सुरेश तारक, टकेश्वर चन्द्राकर, सिवनीकला सोसायटी अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश साहू, ग्रामीण समिति के अध्यक्ष विक्रम साहू, कोषाध्यक्ष कपिलदेव पटेल, उपाध्यक्ष डहरुराम साहू, पूर्व जनपद सदस्य सुशील साहू, उपसरपंच दीपदान साहू, पुरूषोत्तम पटेल, पंचगण कृष्णा तारक, सुरेश साहू, राधिका पटेल, सरस साहू, लोमश साहू, सरपंच प्रतिनिधि जितेश्वर ध्रुव श्रीफल व हनुमान चालीसा भेंट की।



महेंद्र पटेल, नरेंद्र साहू, योगेश्वर प्रसाद साहू, दुष्यंत, प्रेमनारायण, युवराज, कौशल तारक, खूबचंद साहू, पिंटूराम साहू, हेमन तारक, मेघराज साहू, युगलकिशोर साहू, ओगेश साहू, सेवकराम, शीतल, ताराचंद साहू, मुकेश, इंद्रकुमार, प्रेमजीत निर्मलकर, टेकराम, दागेश, किशोर साहू, टिकेंद्र पटेल, दिलेंद्र यादव, धर्मेंद्र ध्रुव, हरिश्चंद्र साहू, वेदनाथ साहू, भगवानदास कुर्रे, जितेंद्र, हेमंत साहू, जितेंद्र पटेल, राजेंद्र चंद्राकर, यादराम, हरेंद्र, रविकुमार चंद्राकर ने प्रशिक्षण का लाभ लिया।

## कलारतराई में आदियोगी महादेव की प्रतिमा का अनावरण

- सेवानिवृत्त गोपाल तथा रमेश ने माता-पिता की स्मृति में स्थापित की प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत कलारतराई के मुक्तिधाम में आदियोगी महादेव की प्रतिमा का अनावरण किया गया। ग्राम कलारतराई निवासी एवं पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त गोपाल साहू तथा रमेश साहू ने अपने स्वर्गीय माता-पिता स्व. दशरूराम साहू एवं स्व. प्रेमवती साहू की स्मृति में मुक्तिधाम के सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से अपने निजी खर्च पर आदियोगी महादेव की प्रतिमा का निर्माण एवं स्थापना कराई है वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ भगवान आदियोगी महादेव का अभिषेक किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं जनकल्याण की कामना की।



उपसरपंच माधवेंद्र साहू ने इस कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे सामाजिक एवं धार्मिक कार्य समाज में सेवा और संस्कार की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर घनसाय नेताम, लक्षण साहू, बीरबल साहू, चंद्रहास साहू, महेश साहू, कोमल सिन्हा, तुषार साहू सहित अन्य उपस्थित थे।

## नेहरू गार्डन में निःशुल्क योगाभ्यास केंद्र ने पूरा किया एक वर्ष

**धमतरी।** नेहरू गार्डन में संचालित निःशुल्क एवं नियमित योगाभ्यास केंद्र ने स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने की अपनी यात्रा का एक वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है। नए सत्र की शुरुआत के साथ योगाभ्यास का क्रम एक बार फिर नए उत्साह और नई ऊर्जा के साथ प्रारंभ हो गया है। इस अवसर पर योग से जुड़े प्रतिभागियों ने नियमित अभ्यास जारी रखने का संकल्प लिया।

योगाभ्यास केंद्र का संचालन प्रत्येक सोमवार से शनिवार तक प्रतिदिन सुबह 6 बजे से 7 बजे तक किया जाता है। योग प्रशिक्षक निकिता धरमगुड़ी के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को योगासन, प्राणायाम, सूक्ष्म व्यायाम तथा ध्यान का नियमित अभ्यास कराया जाता है।



उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत और जीवन सकारात्मक बनता है। योग तनाव को कम करने, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने तथा आत्मविश्वास विकसित करने में भी सहायक है।

## जिला विकास एवं समन्वयन समिति की बैठक में लिया गया निर्णय

# जिले की 8 पैक्स में बनेंगे 1000-1000 एमटी क्षमता के गोदाम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला विकास एवं समन्वयन समिति की बैठक हुई। बैठक में संयोजक एवं उपायुक्त सहकारिता, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक धमतरी के नोडल अधिकारी, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक तथा एनसीसीएफ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

बैठक में सहकार से समृद्धि अंतर्गत संचालित विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना के तहत गोदाम निर्माण की प्रगति एवं आगामी कार्रवाई की समीक्षा की गई। समीक्षा उपरांत जिले की 8 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों (पैक्स) कातलबोड़, तरसींवा, भाठागांव, लोहरसी, संबलपुर, कोलियारी, छाती एवं मगरलोड में 1000-1000 मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण का निर्णय लिया गया।



बैठक में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोदाम निर्माण की सभी आवश्यक औपचारिकताएं समयबद्ध ढंग से पूर्ण करते हुए प्रस्तावित कार्यों में तेजी लाई जाए। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से किसानों को आधुनिक भंडारण सुविधा उपलब्ध होगी, कृषि उपज के सुरक्षित भंडारण को बढ़ावा मिलेगा तथा सहकारी समितियों को भी मजबूती मिलेगी।

कलेक्टर ने आगे कहा कि जिला विकास समन्वय एवं समन्वयन समिति की बैठक में सहकार से समृद्धि के अंतर्गत विश्व की सबसे बड़ी अन्न भंडारण योजना की समीक्षा की गई। जिले की 8 पैक्स में 1000-1000 मीट्रिक टन क्षमता के गोदाम निर्माण का निर्णय लिया गया है। इससे किसानों को बेहतर भंडारण सुविधा मिलेगी और सहकारी समितियां भी अधिक सशक्त होंगी।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528



विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप



### पुलिस ने शराब पकड़ी व कोचियो पर की कार्रवाई

**कांकेर।** जिले में अवैध शराब की बिक्री और परिवहन पर रोक लगाने के लिए पुलिस का विशेष अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में थाना कांकेर पुलिस ने घोटिया निवासी रोहित हिमाची के कब्जे से 20 पौवा देशी प्लेन व 7 पौवा अंग्रेजी शराब, कुल लगभग 3 हजार रुपये मूल्य की शराब जब्त की। कोरर पुलिस ने संतुराम से 7 लीटर, भानुप्रतापपुर पुलिस ने अवधराम गोटा से 3 लीटर तथा अंतागढ़ पुलिस ने सुनील जैन से 10 लीटर महुआ शराब बरामद की। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की गई।

### मासूम की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत पीव्ही 102 के मासूम बच्चे की 30 जून को मौत हो गई। सीएचसी बांदे से अस्पताल मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक 5 वर्षीय मोहन वल्लभ पिता अनिमेश को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### नकटी मामले में निष्पक्ष जांच की मांग

**दुर्गुकोंदल।** रायपुर के नकटी गांव में शासन-प्रशासन की कार्रवाई को लेकर विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने निष्पक्ष जांच और संवेदनशील कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि कानून का पालन जरूरी है, लेकिन प्रशासनिक कार्रवाई में आम नागरिकों के अधिकार, सम्मान और न्याय की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने प्रभावित परिवारों को राहत देने, ग्रामीणों से संवाद स्थापित करने तथा तथ्यों के आधार पर पारदर्शी और न्यायपूर्ण निर्णय लेने का आग्रह करते हुए कहा कि वे क्षेत्रवासियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध हैं।

## निधन

### दशोदा पटेल

**धमतरी।** बनियापारा निवासी दशोदा पटेल का बुधवार की शाम आकस्मिक निधन हो गया। वे अनिल पटेल की मां व कुणाल, विनय की दादी थी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा गुरूवार सुबह 11 बजे निवास से शांतिघाट के लिए निकली। वार्डवासियों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



## प्रथम पृष्ठ का शेष

### जिले में खुलेगा दूसरा नया एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय

होने से जनजातीय विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ आधुनिक डिजिटल कक्षाएं, विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, खेल सुविधाएं तथा व्यक्तित्व विकास के विविध अवसर उपलब्ध होंगे।

# धरना-प्रदर्शन व रैली के लिए सक्षम प्राधिकारी से अनुमति जरूरी

## समाज प्रमुखों ने शांति, सौहार्द्र और कानून व्यवस्था बनाए रखने दिया सहयोग का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





आगामी पर्व-त्योहारों और सार्वजनिक आयोजनों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला कार्यालय सभाकक्ष में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा देवहारी एवं सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी ने की। बैठक में विभिन्न समाजों के प्रमुखों, सामाजिक संगठनों और समिति प्रतिनिधियों के साथ जिले में शांति, कानून व्यवस्था तथा सामाजिक समरसता बनाए रखने के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक में अधिकारियों ने सभी समाज प्रमुखों से आगामी पर्व-त्योहारों एवं सार्वजनिक आयोजनों के शांतिपूर्ण संचालन के लिए सुझाव प्राप्त किए। जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने तथा सामाजिक सौहार्द्र और भाईचारे को मजबूत बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाने का आश्वासन दिया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले में किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन, रैली अथवा सार्वजनिक आयोजन का आयोजन निर्धारित स्थल पर सक्षम प्राधिकारी से आवश्यक अनुमति प्राप्त करने के बाद ही किया जाएगा। समाज प्रमुखों से इस व्यवस्था का पालन कराने और आम नागरिकों को भी इसके प्रति जागरूक करने का आग्रह किया गया। प्रशासन ने लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफवाहों पर विश्वास न करें, सोशल मीडिया पर भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री साझा करने से बचें तथा कानून-व्यवस्था से जुड़ी किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन एवं पुलिस को दें। बैठक में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## करीब डेढ़ सौ परिवारों को आशियाना उजड़ने का डर

# तालाब सौंदर्यीकरण की योजना से रत्नाबांधा-मुजगहन के ग्रामीण चिंतित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





रत्नाबांधा-मुजगहन तालाब के प्रस्तावित सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर तालाब किनारे बसे करीब डेढ़ सौ परिवारों में चिंता का माहौल है। प्रशासन द्वारा प्रस्तावित कार्य के संबंध में नापजोख और सर्वे किए जाने के बाद ग्रामीणों को आशंका है कि उनके मकानों को हटाया जा सकता है। इसी चिंता को लेकर गुरुवार को बड़ी संख्या में प्रभावित परिवार जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू के निवास पहुंचे और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। ग्रामीणों ने मांग की कि तालाब का सौंदर्यीकरण अवश्य कराया जाए, लेकिन जहां वर्षों से लोगों के मकान बने हुए हैं, उन्हें नहीं हटाया जाए। खाली भूमि पर ही विकास कार्य किए जाएं।

ग्रामीणों की मांग पर ग्राम पंचायत की ओर से नया प्रस्ताव तैयार करने का आश्वासन दिया गया। प्रस्ताव में उल्लेख किया गया है कि तालाब के आसपास उपलब्ध खाली भूमि पर पाथवे, ओपन जिम, पौधरोपण और अन्य सौंदर्यीकरण कार्य कराए जाएं तथा आबादी वाले हिस्से में बने मकानों को यथावत रखा जाए। इस आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत होकर वापस लौट गए।

धनेश्वरी साहू ने बताया कि ग्राम पंचायत के प्रस्ताव के अनुसार लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से तालाब का सौंदर्यीकरण किया जाना है। योजना में पाथवे निर्माण, ओपन जिम, पौधरोपण तथा अन्य विकास कार्य शामिल हैं। सर्वे के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल बन गया था। ग्राम पंचायत की ओर से नया प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जा रहा है, जिसमें स्पष्ट किया जाएगा कि विकास कार्य केवल खाली भूमि पर किए जाएं और आबादी वाले क्षेत्र में बने मकानों को नहीं हटाया जाए। जनपद सदस्य कीर्तन मीनपाल ने कहा कि पंचायत का उद्देश्य तालाब का विकास करना है, किसी परिवार को बेघर करना नहीं। ग्रामीणों की मांग को देखते हुए पंचायत उनकी भावनाओं के अनुरूप संशोधित प्रस्ताव शासन को भेज रही है, ताकि विकास कार्य भी हो और वर्षों से बसे परिवारों के आशियाने भी सुरक्षित रह सकें।

### वर्षों से रह रहे परिवारों को बेघर होने का डर

तालाब किनारे रहने वाले नोहरसिंग, अभिषेक, किरण देवी, रामसिंह मंडावी, सरिता, पायल देवी, कौशल्या, राजकुमार सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि वे पिछले 50 से 60 वर्षों से यहां निवास कर रहे हैं। उनके पास रहने के लिए कोई दूसरी जमीन नहीं है। यदि उनके मकान तोड़े गए तो परिवारों के सामने रहने का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश का मौसम शुरू हो चुका है और ऐसे समय में यदि उन्हें मकान खाली करना पड़ा तो उनके सामने जीवन-यापन की बड़ी समस्या खड़ी हो जाएगी। उन्होंने प्रशासन से उनके आवास सुरक्षित रखने की मांग की है।

### आबादी भूमि घोषित करने की प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका

जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू ने बताया कि ग्रामीणों ने उन्हें आवेदन सौंपकर तालाब सौंदर्यीकरण कार्य को फिलहाल रोकने और संबंधित भूमि को आबादी घोषित करने की प्रक्रिया पूरी करने की मांग की है। आवेदन में उल्लेख किया है कि ग्राम पंचायत रत्नाबांधा के तालाब पार स्थित खसरा क्रमांक 334, 335, 337, 338 एवं 407/1 की भूमि को आबादी घोषित किए जाने के लिए पहले से आवेदन लंबित हैं और इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई प्रगति पर है। यदि इसी दौरान सौंदर्यीकरण कार्य शुरू कर दिया गया तो आबादी घोषित करने की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है तथा वहां रहने वाले परिवारों के हितों को नुकसान पहुंचेगा।

### ये हैं ग्रामीणों की प्रमुख मांगें

- जिपं सदस्य धनेश्वरी साहू से मिलने पहुंचे ग्रामीण
- तालाब का सौंदर्यीकरण केवल खाली भूमि पर किया जाए।
- आबादी क्षेत्र में बने मकानों को नहीं हटाया जाए।
- संबंधित खसरा भूमि को शीघ्र आबादी घोषित किया जाए।
- बारिश के मौसम को देखते हुए किसी भी परिवार को बेघर नहीं किया जाए।

## केकराखोली में पुल निर्माण का भूमिपूजन



- फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

मगरलोड तहसील के ग्राम केकराखोली में पुल निर्माण कार्य का भूमिपूजन एवं समेकित फल उद्यान पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास मरकाम थे। उन्होंने भूमिपूजन कर पुल निर्माण कार्य का शुभारंभ किया तथा फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर मगरलोड भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, जिला पंचायत के वन सभापति अजय ध्रुव, जनपद पंचायत नगरी के अध्यक्ष महेश गोटा, हिरामन ध्रुव, रोहित दीवान, केकराखोली सरपंच ललितराम नेताम थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मरकाम ने कहा कि पुल निर्माण से ग्रामवासियों को आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी तथा वर्षभर सुरक्षित और सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध होगी। क्षेत्र के समग्र विकास के लिए आधारभूत सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता है। समेकित फल उद्यान योजना से किसानों को अतिरिक्त आय के अवसर मिलेंगे तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

## अटंग में मनाई गई संत कबीर की जयंती

**सिर्री।** ग्राम अटंग के साहू समाज भवन में सत्संग समिति द्वारा संत कबीर साहेब की 628वीं जयंती मनाई गई । मुख्य वक्ता संत मुक्तिशरण साहेब कोलियारी, समेंद्र साहेब नवापारा एवं संत लखन साहेब भैंसमुंडी रहे। सत्संग भजन के माध्यम से कबीर साहेब की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मनुष्य अगर अपने जीवन में बदलाव कर लें तो जिंदगी आसान हो जाएगी। काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार को त्याग कर अपने कर्मों को अच्छा बनाने पर ध्यान देना चाहिए। कबीर साहेब के बताए गए मार्ग पर चलने का प्रयास हो। आपसी भाईचारा के साथ जीवन का निर्वहन करें। कार्यक्रम को पूर्व विधायक लेखराम साहू ने भी संबोधित किया। समिति के अध्यक्ष निरंजन साहू ने आभार जताया। कार्यक्रम में भागवत राम साहू, किशनलाल साहू, धूषण लाल साहू, द्वारिका प्रसाद साहू,बिसाहू राम,विष्णुराम, तुकाराम, वेदप्रकाश साहू, रेणुका, बुधिया, फुलेश्वरी, कौशल्या, अनीता समेत अनेक सत्संगी शामिल हुए।

## उत्कृष्ट कार्यों के लिए मेघा पंचायत सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम पंचायत मेघा में आय के स्रोत, 15 वें वित्त एवं कार्ययोजना के माध्यम से अधोसंरचना विकसित की गई है। इस अनुकरणीय कार्य के लिए ग्राम पंचायत मेघा को कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेंद्र सिंह ठाकुर ने सम्मानित किया। सम्मान समारोह जिला पंचायत धमतरी में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग से सचिव रमेश कुमार ध्रुव ने सम्मान प्राप्त किया। इस अवसर पर महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी, धमतरी विधायक ओंकार साहू, सिहावा विधायक अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक रंजना साहू, मगरलोड जनपद अध्यक्ष वीरेंद्र साहू उपस्थित थे। ग्राम पंचायत मेघा के कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर प्राधिकृत अधिकृत अधिकारी संतोष सोनी ने सरपंच मनीषा ध्रुव को सम्मानित किया।

इस अवसर पर मेघा मंडल के पूर्व अध्यक्ष योगेश्वर साहू, उपसरपंच छत्रपाल साहू, सचिव रमेश ध्रुव, रोजगार सहायक सुरेश कुमार साहू, बूथ अध्यक्ष संतोष साहू, पुरुषोत्तम पटेल, भुनेश्वर पटेल, पंचगण तुलेश निषाद, पदमनी सोनी, धर्मेंद्र साहू, सरिता विश्वकर्मा, दामिन साहू, शकुंतला बंजारे, गोदावरी पटेल, सोहद्रा साहू, यशकुमार, डोमेंद्र कुमार, वेदराम, रितु निषाद, योगेश्वरी निषाद, हेमलता साहू, कृष्ण कुमार, भुवनेश्वरी समेत अन्य मौजूद थे।

## अंचल की खबरें

### छात्राओं को मिली निःशुल्क साइकिल



**धमतरी।** नूतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव एवं कक्षा नवमी की छात्राओं को शासन द्वारा निःशुल्क साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विभा चंद्राकर पार्षद विवेकानंद वार्ड व विशिष्ट अतिथि रामलखन गजेंद्र सचिव आदर्श शिक्षण समिति धमतरी थे। मौके पर शाला के प्राचार्य सुधीर गायकवाड़, प्रकाश पवार, एससी ख्रिस्टी, नविता गोस्वामी थे। मंच संचालन रमजानी ने किया।

### अनुदान प्राप्त शिक्षक कर्मचारी संगठन ने की डीईओ से मुलाकात



**धमतरी।** शासकीय अनुदान प्राप्त शिक्षक कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों ने नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी से भेंटकर अनुदान शालाओं की स्थिति को लेकर चर्चा की। इस पर श्रीमती तिवारी ने कहा कि जो भी समस्याएं हैं, उसे पत्राचार के माध्यम से शासन तक पहुंचाकर हल करने का प्रयास करेंगे। मौके पर जिला इकाई धमतरी के अध्यक्ष एस सी ख्रिस्टी, सचिव प्रकाश पवार, उपाध्यक्ष श्रद्धा गुप्ता, कोषाध्यक्ष शेख रमजानी, सहसचिव सौरभ रणसिंह उपस्थित थे।

### कमला देवी सिंह के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की



**धमतरी।** गोंडवाना गोंड महासभा के पदाधिकारियों ने तीन बार की मंत्री, चार बार की विधायक तथा सारंगढ़ राजघराना की रानी कमला देवी सिंह से रायपुर स्थित वी. वाय हॉस्पिटल में भेंट कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राजा नरेशचंद्र की पुत्री कमला देवी सिंह का स्वास्थ्यगत कारणों से उपचार चल रहा है। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम भी उपस्थित रहे। महासभा के पदाधिकारियों ने बुढ़ादेव से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हुए बेहतर स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस दौरान गोंडवाना गोंड महासभा के प्रदेश अध्यक्ष नीलकंठ टेकाम, राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष खामसिंह सिंह मांझी, राष्ट्रीय सचिव आरएन ध्रुव, होमसिंह मांझी, जितेंद्र बहादुर सिंह, फूलसिंह नेताम, भीखम ठाकुर, डमरूधर मांझी, शिव प्रसाद ध्रुव, शरद सिंह मांझी तथा हरीश कुमार ध्रुव सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। सभी ने कमला देवी सिंह के शीघ्र स्वस्थ होकर पुनः जनसेवा में सक्रिय होने की कामना व्यक्त की।

### धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल हमारी आस्था का प्रमुख केंद्र : ओंकार



**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू ने ग्राम बोड़रा (स) में मां शीतला मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होकर पूजा-अर्चना की तथा निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने मां शीतला से क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना की। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थल हमारी आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता के भी प्रमुख केंद्र होते हैं। मां शीतला मंदिर के जीर्णोद्धार से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और यह मंदिर क्षेत्र की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करेगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में दिलीप सेन जनपद सदस्य, उकेश्वरी साहू, फूलवा साहू, उषा साहू, अशोक गुप्ता एसडीओ (मंडी बोर्ड), मोहन साहू, सरपंच सुमन साहू, उपसरपंच रवि कुमार साहू, प्रीतम कुमार साहू, मालती साहू, प्रतीमा देवांगन, पवन सेन, फल्लेश कुमार साहू, मीनाक्षी साहू, यामिनी साहू, रानू देवांगन, ध्रुव दास बघेल समेत ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### संत कबीर ने सत्य, प्रेम, समानता की राह दिखाई

**नगरी।** साहू सदन नगरी में सद्गुरु कबीर जयंती समारोह का आयोजन किया गया था। समारोह में कबीर साहेब के विचारों एवं संदेशों पर आधारित भजन, सत्संग एवं प्रवचन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में संत कबीर के सत्य, प्रेम, समानता और मानवता के संदेश का प्रसार किया गया।

# प्रदेश में सांय-सांय बिजली महंगी हो रही : लेखराम



**धमतरी।** कुरूद के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 1 जुलाई से बिजली की नई दरें लागू हो रही है। राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026 27 के लिए जारी नए टैरिफ के तहत घरेलू व्यावसायिक और कृषि श्रेणी के अधिकांश उपभोक्ताओं को अब पहले की तुलना में अधिक बिजली बिल चुकाना होगा। नई व्यवस्था के तहत विभिन्न श्रेणियों में प्रति यूनिट 30 से 50 पैसे तक की बढ़ोतरी की गई है। नई दरों का असर छोटे कारोबारियों, दुकानदारों और कृषि कार्य में बिजली का उपयोग करने वाले किसानों पर भी दिखाई देगा। श्री साहू ने कहा कि विष्णुदेव की सरकार से जनता त्रस्त हो गई है । किसान खाद बीज के लिए भटक रहे हैं। एक तरफ डबल इंजन की सरकार जनसमस्या निवारण के लिए बड़े-बड़े शिविर आयोजित करती है वहीं दूसरी तरफ यह सरकार लगातार समस्या पैदा कर रही है। प्रदेश में सांय-सांय बिजली महंगी हो रही है। आम जनता को 440 वोल्ट का झटका लग रहा है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह
(एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह
(एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### आज शाम पेयजल आपूर्ति रहेगी बाधित

**धमतरी।** नगर के जल शुद्धिकरण संयंत्र की क्लियर वाटर राइजिंग पाइपलाइन में नए प्लांट का इंटर कनेक्शन कार्य आज 3 जुलाई को किया जाएगा। इस तकनीकी कार्य के कारण शुक्रवार की शाम शहर की पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। नगर निगम ने बताया कि कार्य पूर्ण होने के बाद शनिवार सुबह से पेयजल आपूर्ति पुनः सुचारु रूप से शुरू कर दी जाएगी।
नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि वे शुक्रवार शाम की आवश्यकता को देखते हुए पूर्व में ही पर्याप्त मात्रा में पानी का संग्रह कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

### 34 वर्षों की सेवा के बाद संतोष हुए विदा

**धमतरी।** नगर पालिक निगम में वर्ष 1994 से अपनी सेवाएं दे रहे कर्मचारी संतोष परिहार को सेवानिवृत्ति पर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इस अवसर पर पार्षद अज्जू देशलहरे ने शॉल एवं श्रीफल भेंटकर उनका सम्मान किया और उनके लंबे सेवाकाल की सराहना करते हुए स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि श्री परिहार ने अपने कार्यकाल के दौरान ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण के साथ निगम की सेवा की, जो अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। समारोह में नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी उनके साथ बिताए अनुभव साझा किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### गरीबों के घर उजाड़कर विधायकों की कॉलोनी नहीं बनने देंगे : ओंकार

**धमतरी।** विधायक ओंकार साहू ने रायपुर जिले के ग्राम पंचायत नकटी में प्रस्तावित विधायक कॉलोनी को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखते हुए भूमि आवंटन निरस्त कर नवा रायपुर अथवा किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर विधायक कॉलोनी विकसित करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गरीबों का आशियाना उजाड़कर विधायकों के लिए कॉलोनी बनाना अमानवीय, अन्यायपूर्ण और जनविरोधी निर्णय है, जिसका कांग्रेस पार्टी पुरजोर विरोध करेगी। श्री साहू ने कहा कि भाजपा सरकार विकास के नाम पर गरीबों, किसानों और कमजोर वर्ग के लोगों को उनकी पुश्तैनी जमीन और घरों से बेदखल करने का प्रयास कर रही है। जिन परिवारों ने वर्षों से अपनी मेहनत से अपना आशियाना बसाया है। उन्हें प्रशासनिक दबाव और बलपूर्वक कार्रवाई के माध्यम से हटाना संवेदनहीन शासन का परिचायक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीब, किसान, मजदूर और वंचित वर्ग के अधिकारों की लड़ाई हमेशा लड़ती रही है और आगे भी पूरी मजबूती के साथ उनके साथ खड़ी रहेगी। यदि भाजपा सरकार ने ग्रामीणों की आवाज को अनसुना किया, तो कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी और किसी भी गरीब परिवार के साथ अन्याय नहीं होने देगी।



- विधायक ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लिखा पत्र

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग करना सीखा

## डिजिटल वेल्थ से धनी कार्यकर्ता समृद्ध करेंगे राष्ट्रवाद का हेल्थ : पं. राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





ग्राम पीपरछेड़ी में डीएलपी यानी डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को सभी तरह के डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग करना और अपडेट रहना सिखाया गया। इस पाठशाला के बाद कार्यकर्ताओं का टेस्ट लिया जाएगा, जिससे डिजिटल लर्निंग प्रोग्राम का प्रोग्रेस पता चलेगा।

दरअसल भाजपा अपनी रीति-नीति को जन-जन तक लेकर जाती है। अब नए दौर में डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग कर पार्टी ज्यादा प्रभावकारी ढंग से कार्यक्रम को आगे बढ़ाना चाहती है। इसके लिए एक एक कार्यकर्ता का डिजिटली प्रशिक्षित होना बेहद जरूरी है। ट्रेनिंग में सभी तरह के डिजिटल प्लेटफॉर्म का उपयोग करने की बारीकियां सिखाई गई।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पं राजेश शर्मा ने कार्यकर्ताओं को बताया कि भाजपा की रीति नीति को कार्यकर्ता ही जमीन पर जागृत रखता है। आज जब सारे साधन और संसाधन डिजिटल हो चुके हैं। ऐसे में डिजिटल तकनीक से पार्टी की गति गतिविधियां ज्यादा तेजी और प्रभावकारी तरीके से चलाई जा सकती हैं।

पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद ने प्रशिक्षण के दौरान डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म, सरल ऐप तथा प्रशिक्षण प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से नियमित रूप से डिजिटल माध्यमों से जुड़कर स्वयं को अद्यतन रखने का आग्रह किया।

भोथली मंडल प्रभारी महेंद्र पंडित ने कहा कि डिजिटल प्रशिक्षण संगठन को और अधिक सशक्त एवं गतिशील बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस दौरान पीपरछेड़ी के वरिष्ठ नागरिक उमराव साहू, कमलेश साहू ने भाजपा प्रवेश किया। मौके पर हेमंत चंद्राकर, राजीव सिन्हा, आनंद मेश्राम, निरंजन साहू, अनिता यादव, प्रियंका सिन्हा, अनिता सोनकर, ममता निषाद, राधिका साहू, यादराम साहू, विश्राम साहू, रोशन साहू, पूर्णिमा बनपेला, सत्यप्रभा साहू, दिनेश्वरी साहू, दिलीप सेन, कामेश्वरी साहू, कृपाराम साहू, रामाधार साहू, जीवन साहू समेत अन्य उपस्थित रहे।

## विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम का शुभारंभ

# गांवों की समृद्धि से साकार होगा विकसित भारत का सपना : सार्वा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर सृजित करने, आजीविका के साधनों को सशक्त बनाने तथा गांवों को आर्थिक रुप से आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी जी-राम-जी का उद्घाटन समारोह जिला पंचायत धमतरी के सभाकक्ष में हुआ। यह कार्यक्रम कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन तथा जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण कुमार सार्वा थे। उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती मोनिका देवांगन, श्रीमती धनेश्वरी साहू, श्रीमती पूजा सिन्हा, श्रीमती कुलेश्वरी गायकवाड़ सहित स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी-जी राम ग्रामीण परिवारों को स्थायी रोजगार एवं आजीविका के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना, महिलाओं को आर्थिक रुप से सशक्त बनाना, स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना तथा विभिन्न विभागों के समन्वय से विकास कार्यों को गति प्रदान करना है।

योजना अंतर्गत विभिन्न विभागों के माध्यम से रोजगार सृजन, स्वरोजगार, कौशल विकास, कृषि आधारित गतिविधियों, पशुपालन, उद्यानिकी, लघु उद्योग, महिला स्व-सहायता समूहों के सशक्तीकरण तथा अन्य आजीविका संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। इससे ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि होगी और गांवों में आत्मनिर्भरता को नई दिशा मिलेगी।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने कहा कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब गांव समृद्ध और आत्मनिर्भर बनेंगे। उन्होंने कहा कि यह मिशन ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और किसानों के लिए नए अवसर उपलब्ध कराने वाला है।

जिला पंचायत सदस्य मोनिका देवांगन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण को विशेष बल मिलेगा। स्वयं सहायता समूहों को आजीविका गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।

जिपं अध्यक्ष अरूण सार्वा ने योजना की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला महत्वपूर्ण अभियान बताया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वीबी जी- राम- जी मिशन के माध्यम से गांवों में रोजगार के नए अवसर विकसित होंगे तथा स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। गांवों की समृद्धि से विकसित भारत का सपना साकार होगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत परिसर में वीबी जी-राम-जी योजना पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिसका अवलोकन जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य एवं सरपंच एवं पंचायत पदाधिकारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक परियोजना अधिकारी धरम सिंह ने किया।

# रेत-मुरुम के अवैध उत्खनन और ओवरलोड हाइवा से बढ़ी परेशानी



- धूल के कारण राहगीरों व विद्यार्थियों का सड़क पर चलना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

महानदी से रेत और नगर के तालाबों से कथित मुरुम उत्खनन को लेकर क्षेत्रवासियों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि ओवरलोड हाइवा की लगातार आवाजाही से पर्यावरण प्रभावित हो रहा है और धूल के कारण राहगीरों व विद्यार्थियों का सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। उनका कहना है कि शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है।

ग्रामीणों के अनुसार कुरूद-दोनर और मेघा-राजिम मार्ग पर रेत से भरे भारी वाहन तेज रफ्तार में दौड़ते हैं। सड़क निर्माण कार्य के बीच उड़ती धूल से दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। इस मार्ग से केंद्रीय विद्यालय, कृषि महाविद्यालय, संत गुरु घासीदास स्नातकोत्तर महाविद्यालय, आईटीआई सहित अन्य शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं का रोजाना आवागमन होता है, जिन्हें धूल और भारी वाहनों के बीच सफर करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि प्रतिबंध के बावजूद सेलदीप, जोरातराई और दोनर क्षेत्र में महानदी से रेत का उत्खनन जारी है। वहीं नगर के एक तालाब से मुरुम उत्खनन और केनाल रोड से उसके परिवहन पर भी लोगों ने आपत्ति जताई है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, पुलिस, परिवहन और खनिज विभाग से ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई, सड़कों पर नियमित पानी का छिड़काव, शिक्षण संस्थानों के आसपास गति सीमा का पालन सुनिश्चित कराने तथा अवैध उत्खनन की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

## देश, धर्म की रक्षा और वर्तमान की चुनौतियों से लड़ने आरएसएस तैयार

- राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया हिंदू साम्राज्य दिवस उत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ श्रीराम प्रभात शाखा सोरिद एवं डॉ भीमराव अम्बेडकर व्यावसायिक प्रभात शाखा सोरिद बस्ती द्वारा संघ के 6 प्रमुख उत्सव में से एक उत्सव हिंदू साम्राज्य दिवस उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि बलीराम साहू सेवानिवृत्त आरक्षक व मुख्य वक्ता मोहनलाल साहू प्रांत सह सेवा प्रमुख थे।

उन्होंने बताया कि किस तरह शिवाजी महाराज ने हर समाज के लोगों को जोड़कर विदेशी अंक्रांताओ से लड़े। शिवाजी महाराज की सेना कभी न रुकी, न थकी, न ही झुकी और न कभी युद्ध के मैदान से हटी। रामायण काल का वर्णन करते हुए बताया कि जैसे त्रेतायुग में भगवान श्रीराम की सेना थी, द्वापर युग में भगवान श्री कृष्ण की सेना थी और मुगलों से देश को बचाने और स्वराज्य की स्थापना करने के लिए उस समय छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना थी। ठीक उसी प्रकार वर्तमान में देश की रक्षा, धर्म की रक्षा और वर्तमान की चुनौतियों से लड़ने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मजबूती से खड़ा हुआ है। उन्होंने व्यक्तित्व निर्माण पर जोर दिया। कार्यक्रम में नगर सह कार्यवाहक रौनित सहारे, बस्ती प्रमुख राम कुमार साहू समेत बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित थे।

## मेनोनाईट इंग्लिश स्कूल के छात्र परिषद ने ली शपथ




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मेनोनाईट इंग्लिश सीसे स्कूल में शाला नायक (स्कूल प्रीफेक्ट), उपनायक, प्रमुख हाऊस लीडर्स एवं कक्षा पहली से बारहवीं के कक्षा नायकों का चयन किया गया।

प्राचार्य स्टीव लाल ने शाला नायक शिवम पांडे कक्षा 12 वीं विज्ञान संकाय), उप नायक त्रिशला जैन कक्षा 12 वीं वाणिज्य संकाय, शाला के प्रमुख हाऊस लीडर्स रेड हाऊस करेज के दिव्यांश साहू एवं करूणा साहू, ब्लू हाऊस यूनिटी के भावार्थ गंगवीर एवं खुशी यादव, ग्रीन हाऊस कंपेशन के प्रांजल मिश्रा एवं अंजलि सिन्हा, यलो हाऊस इंटीग्रीटी के दिव्यांशु सिन्हा एवं नुपुर मुखर्जी सहित सभी कक्षा नायकों को स्कूल के निरंतर विकास एवं प्रगति के लिए संकल्प दिलाया। प्राचार्य स्टीव लाल ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है। सभी छात्र अनुशासित रहकर शिक्षा प्राप्त कर अपना, अपने परिवार एवं समाज व देश का नाम रोशन करें।

## सरसोंपुरी को स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्राम पंचायत बिजनापुरी के आश्रित ग्राम सरसोंपुरी को स्वतंत्र ग्राम पंचायत का दर्जा देने की मांग को लेकर उपसरपंच खेमलाल साहू ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने ज्ञापन में बताया है कि हाल ही में हुई ग्राम सभा में सरसोंपुरी को अलग ग्राम पंचायत बनाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। उपसरपंच ने कहा कि सरसोंपुरी की जनसंख्या एवं स्थानीय आवश्यकताओं को देखते हुए इसे स्वतंत्र ग्राम पंचायत का दर्जा मिलना चाहिए। उनका कहना है कि भविष्य में छाती को नगर पंचायत का दर्जा मिलने की संभावना है, जिससे आसपास के कई गांव उसमें शामिल हो सकते हैं। ऐसे में सरसोंपुरी के ग्रामीण नहीं चाहते कि उनका गांव नगर पंचायत में विलय किया जाए। ग्राम सभा में ग्रामीणों ने भी कहा कि स्वतंत्र ग्राम पंचायत बनने से विकास कार्यों में गति आएगी और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगा। ग्राम सभा में पारित प्रस्ताव को आवश्यक कार्रवाई के लिए कलेक्टर को प्रेषित कर दिया गया है।

## पीड़ित कर्मचारी को मिला न्याय

- छग तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रयास से बहाली व वेतन वृद्धि का आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छग तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष चंदूलाल चंद्राकर एवं तत्कालीन सहायक संचालक लक्ष्मण राव मगर के प्रयास से एक पीड़ित कर्मचारी को आखिरकार न्याय मिल गया है। कार्यालय विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कुरुद द्वारा जारी नवीनतम आदेश के तहत सहायक ग्रेड 3 के पद पर कार्यरत कर्मचारी अमन जाचक के हक में एक बड़ा फैसला सुनाया गया है।

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी के आदेश के परिपालन में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी कुरुद द्वारा आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के तहत कुरुद कार्यालय में कार्यरत अमन जाचक (सहायक ग्रेड 03) की निलंबन एवं पदच्युत अवधि को पूर्ण कार्य अवधि मान्य कर लिया गया है। साथ ही कर्मचारी के ऊपर संचयी प्रभाव से रोकी गई 02 वार्षिक वेतन वृद्धियों को भी तत्काल प्रभाव से बहाल कर दिया गया है।

कर्मचारी संघ के नेताओं ने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे सत्य और न्याय की जीत बताया है। इससे छग तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के संरक्षक राजेंद्र चंद्राकर, तहसील अध्यक्ष राजेश पाण्डेय, कमल सार्वा, नरेंद्र सिन्हा, रामकृष्ण ठाकुर एवं छगन लाल साहू, तुलसी नेताम, चंदन सिंग तुरंग, अविनाश साहू, उत्तम लाल साहू, राजेश साहू, पवन बांसकर, मकसूदन पटेल, सुमन शर्मा, वर्षा अग्रवाल, प्रज्ञा तिवारी, कौसर जान, भावेश चन्द्रवंशी, यशवंत सिन्हा, तनूजा घोरपड़े, अंचल चंद्राकर, मनीष गौतम समेत जिले के शासकीय कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है।

## विधायक ने कृषि उपज मंडी का किया औचक निरीक्षण


हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



विधायक ओंकार साहू ने बुधवार को कृषि उपज मंडी धमतरी का औचक निरीक्षण कर मंडी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से चर्चा कर उपज के विक्रय, तौल, भुगतान एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। मंडी परिसर में उपलब्ध व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य पारदर्शी एवं सुचारु रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। विधायक श्री साहू ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य समय पर मिले तथा तौल और भुगतान की प्रक्रिया में किसी प्रकार की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने मंडी परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि किसानों की सुविधा और उनके हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी एवं मंडी कर्मचारी उपस्थित थे।








REGULAR CLASSES STARTING SOON!
PIONEER FOUNDATION OF HIGHER EDUCATION
B.Sc. IN YOGA | B.A. IN YOGA | P.G.D.Y.N. POST GRADUATE DIPLOMA IN YOGA & NATUROPATHY
OLD DAJI MARATHI SCHOOL MARATHAPARA, DHAMTARI (C.G.)
CONTACT US:
+91: 8450022865, 9203563863, 9203622865, 9203722865 pioneerfound@email.com
ENROLL TODAY FOR A HEALTHY FUTURE!




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज